Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-04-2023 | अंक 545

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बरही : नवोदय पब्लिक स्कूल में छात्रों को दी गई अल्बेंडाजोल टैबलेट्स



**अपेम लाइव : बरही**


बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के साधनापुरी में संचालित नवोदय पब्लिक स्कूल में छात्रों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अल्बेंडाजोल टैबलेट्स खिलाई गई। साथ ही इस अवसर पर छात्रों को कृमि संक्रमण के कारणों, लक्षणों और इसकी रोकथाम के लिए की जाने वाली उपायों की जानकारी दी गई। वहीं बच्चो को सहिया दीदी प्रीति सिन्हा एवं उनके सहयोगी पुनीता बर्नवाल ने बच्चो को कृमि मुक्त की दवा खिलाई। मौके पर प्राचार्य सुधीर चंद्रा, शिक्षक संजय कसेरा, विकास शर्मा, शिक्षिका मोनिका कुमारी, दीपा बर्नवाल, गुलाप्शा प्रवीण एवं रेखा देवी मुख्य रूप से मौजूद थी।

### प्रो विनय कु गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि मिली



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम कल्हाबाद निवासी प्रो विनय कुमार गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय से ड०क्टरेट की उपाधि दी गयी ज्ञात हो प्रो विनय गुप्ता वर्तमान में लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज जमशेदपुर में बतौर राजनीति विज्ञान के लेक्चरर है । प्रो विनय गुप्ता ने डॉक्टरेट की परीक्षा फरवरी 2023 में पास कर यह उपाधि पाई उन्होंने विशेषकर हजारीबाग जिला के विशेष सन्दर्भ में महिला राजनीतिक सशक्तिकरण झारखंड पंचायतीराज के विषय पर अपना थीसिस प्रस्तुत किया था उन्होंने अपनी सफलता के लिए गुरुजनो, मित्र बन्धु व परिजनों को दिया है यह जानकारी विनय कुमार गुप्ता के अग्रज शिक्षक शशिभूषण प्रसाद (अजपता प्रखण्ड अध्यक्ष ) ने दी ।




# न निकलता है धुआँ न ही हार्डकॉक में कोई कामगार, कोल लिंकेज के नाम पर अवैध कोयला की हो रही तस्करी

## जेएसएमडीसी के लाईसेंस तथा जिला प्रशासन,वन विभाग देता है अनापति प्रमाण पत्र

## हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, रामगढ़ के बडे कारोबारी अब चौपारण में

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**





राष्ट्रीय राजमार्ग दो किनारे बसे जिले का सीमांत चौपारण प्रखंड बीते दो सालों से कोयला व्यवसाय का बडा केंद्र बन गया है। कोयला खनन विवाद के बीच अचानक चौपारण में चार दर्जन से अधिक लगे हार्ड और साफ्ट कोक फैक्ट्रियां सुर्खियों में आ गए। इन बडी बडी चिमनियों तथा बडे दीवारों के बीच कोई रहता नहीं। न तो चिमनियां धुंया देती हैं और न ही कथित फैक्ट्री में कोई कामगार रहता है। आज तक जमीन मालिकों को भी फैक्ट्री की सच्चाई की जानकारी नहीं है। कोल लिंकेज के नाम पर चौपारण प्रखंड की इन दर्जनों खडी चिमनियों के नाम से करोड़ों रुपए का अवैध कार्य संगठित होकर किया जा रहा है।

दरअसल प्रखंड के सिंघरांवा,पिपरा, मानगढ, ठुठी आदि गांवों में हार्ड और साफ्ट कोक के नाम से कई कंपनियां बनाई गई है। इसके लिए बकायदा 99 साल का लीज जमीन मालिकों से किया गया है। इसका किराया भी महज हजार रुपए प्रति डिसीमल सलाना दिया जा रहा है। कंपनी का कोई आदमी नहीं रहता बल्कि जमीन मालिक को ही एक नौकरी दी जाती है। जमीन मालिक को कोयला को लेकर कोई जानकारी नहीं रहती। धीरे धीरे इस तरह की फैक्ट्री की संख्या पचास से अधिक हो गई है। इसके अलावा अभी दो दर्जन से अधिक नये लीज हो रहे हैं। हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, धनबाद के अधिकांश नामी गिरामी कोल व्यवसायी अपने नये ठिकाने के रुप में चौपारण को पसंद कर रहे हैं।

दरअसल झारखंड स्टेट मिनिरल डेवलपमेंट कारपोरेशन के द्वारा लाईसेंस निर्गत होता है। इसमें जिला प्रशासन, वन विभाग द्वारा अनापति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। परंतु संबंधित विभाग द्वारा कोई अधिकारी जांच के लिए नहीं जाते। कभी कभी जब फैक्ट्री मालिक आते हैं तो टायर जलाकर धुंआ किया जाता है। यही नहीं कोयला के नाम पर खुलने वाले इन कंपनियों में कभी कोयला नजर ही नहीं आता। जानकारी हो कि सरकार कोल आधारित कंपनियों को रियायत दर पर कोयला उपलब्ध करवाती है। कंपनियों के लिए आंबटित होने वाला यह कोयला चौपारण के नाम से निकलता तो जरूर है पर कंपनी में नहीं जाकर बिहार और यूपी के मंडी में चला जाता है। बडे ही चालाकी से इस अवैध कार्य को वैध करार दे दिया जाता है। आंबटित कोयले के दस्तावेज चौपारण तक वैध रहते हैं। बिहार और यूपी सीमा में प्रवेश से पूर्व चोरदाहा चेकपोस्ट से पहले ही कोयला के पेपर बदल दिये जाते हैं। इस बडे नेटवर्क में जेएसएमडीसी के बड़े अधिकारी का सीधा संलिप्तता रहता है अन्यथा कारोबार का यह तरीका इतना तेजी से नहीं फलता फूलता। जमीन आंबटन भी मजबूत लोगों से किया जाता है। साथ ही स्थानीय स्तर पर भी कुछ मजबूत लोगों को रैकेट में शामिल किया जाता है। पेपर पर अचानक कोल उधोग के नाम से चर्चित चौपारण में जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रहे हैं। ऐसे में अब आम जन अब मुखर होकर कोयला व्यापारियों को जानने और समझने का प्रयास कर रहे हैं।

# सैकड़ों जगह पर क्षतिग्रस्त एवं लीकेज है पाइपलाइन, एक साल से लोगों को नहीं मिल रहा पानी

## हाथी का दांत साबित हो रही है सात करोड़ लागत वाली विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



चेडरा मुखिया निर्मल कुमार



विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना का सूखा पड़ा जलमीनार

प्रखंड के चेडरा, बेड़ा हरियारा तथा विष्णुगढ़ पंचायत के करीब दो हजार घरों को पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की सोच के साथ सात करोड़ की लागत से धरातल पर उतारी गई विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना हाथी का दांत साबित हो रही है। योजना के शुरुआती दिनों से ही यह अपने उद्देश्यों को पूरा करने में विफल है। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए भारी फजीहत उठानी पड़ रही है। पानी के लिए लोग पानी-पानी हो रहे हैं। करीब साल भर से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तकनीकी समस्याओं को लेकर ठप है। प्लांट तथा जलमीनार के चारों ओर घनी झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है। तीनों पंचायतों में बिछाई गई पाइपलाइन भी सैकड़ों जगहों पर लीकेज एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आश्चर्यजनक पहलू यह है कि विष्णुगढ़ पंचायत के एक भी घर में लीकेज की वजह से कभी पानी पहुंचा ही नहीं। योजना की सबसे बड़ी खामी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अधिष्ठापन गलत जगह पर होना बताया जाता है। खरना रोड में पड़वा पोखर के पास जिस स्थल पर प्लांट एवं जलमीनार अधिष्ठापित है, वहां का भू-जलस्तर काफी नीचे है। गर्मी शुरू होते ही जमुनियां नाला पर बना इंटेक वेल सूखकर मैदान बन जाता है। इसके विकल्प में डीप बोरिंग भी कराया गया, लेकिन वह भी फेल हो गया। पानी की अनुपलब्धता के कारण प्लांट आज मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया है। इस ओर न पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिक. ारियों का ध्यान है और न स्थानीय जनप्रतिनिधियों का। जिससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

क्या कहते है चेडरा मुखिया निर्मल कुमार रु विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना के संवेदक की गलती का खामियाजा तीन पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बहरहाल इस जनोपयोगी योजना को शीघ्र चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत को हैंडओवर होने के बाद इसके सुचारू संचालन के लिए 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। 15 दिनों के भीतर प्लांट एवं पाइपलाइन के लीकेज को दुरुस्त करा लिया जाएगा। इसके बाद कने. क्शन वाले लाभुकों को पा. इपलाइन से शुद्ध पानी मिलने लगेगा।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ कदाचार मुक्त मैट्रिक, इंटर एवं 11 वी परीक्षा

### 14 मार्च से 22, अप्रैल तक हूई मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा, 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 11 वीं की परीक्षा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



परीक्षा सम्पन्न कराने वाले केंद्राधीक्षक अपने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ

झारखंड अधिवद्य परिषद रांची के निर्देशानुसार बरही इंटर क०लेज बरही में आयोजित मैट्रिक, इंटर, नवम एवं 11 वीं की परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में सफलता पूर्वक गुरुवार को संपन्न हो गया। केंद्राधीक्षक बीईईओ सह समन्वयक रामसेवक दांगी के नेतृत्व में सफलता पूर्वक परीक्षा सम्पन्न होने पर सभी विक्षकों ने केंद्राधीक्षक को एवं केंद्राधीक्षक ने सभी शिक्षकों को साधुवाद एवं धन्यवाद दिया। समापन के अवसर पर केंद्राधीक्षक रामसेवक दांगी ने कहा की सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक किया। जिसके कारण ही शांतिपूर्वक कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने में हम सफल हो पाए। गौरतलब हो की बरही इंटर क०लेज में 14 मार्च 20 अप्रैल तक मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा ली गई। वहीं 11 अप्रैल से 12 अप्रैल तक नवम की परीक्षा ली गई। इसके साथ ही 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 11 वीं की परीक्षा ली गई । सफल समापन पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मौके पर रामसेवक दांगी, अरुण कुमार, शशि कुमार, अयोध्या कुमार, मथुरा प्रसाद, संजय कुमार दुबे, मनोज कुमार घोष, अनूप कुमार प्रधान, मिथलेश कुमार, पंकज महतो,,एहसान अहमद, कुमारी निर्मला पंडित, उषा राम, गुडिया कुमारी, रश्मि दिवेदी, शांति कुमारी, संध्या कुमारी, सरोज कुमारी, प्रियंका कुमारी, तेजनारायण पंडित, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। जिसमें बरही अनुमंडलीय अस्पताल के नोडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्जुन सोरेन शामिल हुए। वहीं इस अवसर पर ओपीडी में आए लोगों को कृमि संक्रमण के कारणों, लक्षणों और इसकी रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई है। वहीं डॉ अर्जुन सोरेन ने बताया की एक वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के बच्चों में कृमि संक्रमण ( पेट में कीड़ा) का अधिक होता है। कृमि बच्चों के भीतर पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते है। इनके कारण बच्चों में रक्ताल्पता, कुपोषण, बिगड़ा हुआ मानसिक और शारीरिक विकास जैसे विकार नजर आने लगते है। एक बार अगर किसी बच्चे में कृमि में प्रवेश कर जाते है तो वे पेट की आंतो में घर बना लेते है, और अंडे देकर संख्या बढ़ाते है। इससे बच्चे जो कुछ खाते है, उससे मिलने वाले सारे पोषक तत्वों को ये पेट के कीड़े सोख लेते है। साथ ही साथ उन्होंने बताया की बच्चों के विकास के लिए उनका कृमि मुक्त होना बेहद जरूरी है। और इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाता है। इसमें स्कूलों, आंगनबाड़ी, चिकित्सा केंद्रों आदि पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अल्बेंडाजोल टै. बलेट्स खिलाए जाते है। उन्होंने इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा की महिलाओं को पेट के कीड़ों के बारे में जागरूक करना है और इससे बचने का सबसे कारगर उपाय स्वच्छता बनाए रखना है। मौके पर डॉ एजाज हुसैन, बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार एवं अस्पतालकर्मी सहित दर्जनों सहिया दीदी मौजूद थी।

## एएसआई का पैसा वसूली करते विडीयो हुआ वायरल

### मामले मे एस पी ने दो ए एस आई को किया निलंबित

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : जिले में जहां एक ओर पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर सम्बन्ध बनाने के लिए तरह तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं वहीं लावालौंग थाना में पदस्थापित जनता की हिफाजत करने एवं रखवाले कहे जाने वाले पुलिसक. र्मियों की करतूत से कानून व्यवस्था शर्मसार हो रही है ।बताते चलें कि लावालौंग थाना के ए एस आई नागेश्वर पंडित का घुस लेते रंगे हाथ वीडियो वायरल हो रहा है ।जानकारी के अनुसार सिलदाग पंचायत के एक पति पत्नी के बीच आपसी विवाद का मामला थाना पहुंचा था ।यह मामला थाना के एएसआई नागेश्वर पंडित के पास था ।यहां मामले को तूल पकड़वाते हुए एएसआई नें एक पक्ष को डरा धमका कर पैसों की मांग कर दी। वायरल वीडियो में उक्त पक्ष की ओर से थाना की चापलूसी करते हुए सिलदाग पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के पति सह पारा शिक्षक विनोद राम को देखा जा रहा है ।विनोद एक पक्ष से पैसों की वसूली करते हुए एएसआई को दे रहे हैं जो वीडियो में देखा जा रहा हैं ।उक्त विषय के बारे में नागेश्वर से पूछे जाने पर उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मामले को मैंने सुबह से शाम तक सुलझाया था ।इसलिए खुश होकर उक्त पक्ष नें मुझे मिठाई खाने के लिए मात्र एक हजार रूपए दिए थे। उक्त संबंध में थाना प्रभारी बमबम कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं दो दिनों की छुट्टी पर हूं ।जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी ।हालांकि विडीयो वायरल होने के बाद ए एस आई को निलंबित कर दिया गया है।

## अखंड भारत की संकल्प ले रितेश की साईकिल यात्रा बरही पहुंचा, विहिप बजरंग दल ने किया स्वागत

### अखंड भारत का निर्माण का है संकल्प, भारत बने विश्व गुरु : रितेश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


साइकिल यात्री रितेश का स्वागत करते विहिप एवं बजरंग दल के लोग

रामानुजगंज जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ निवासी रितेश कुमार ने अखंड भारत निर्माण व दर्शन का संकल्प लेकर साइकिल से भ्रमण के लिए निकले हैं। उन्होंने बाबा काशी विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर यात्रा पर निकले है। 132 दिनों में 3760 किलोमीटर की यात्रा कर बुधवार की शाम बरही पहूंचे, जहां विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने उनका स्वागत किया और उनके रहने की व्यवस्था की। इस अवसर पर रितेश कुमार ने बताया कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं और मन की लालसा को पूरा करने के लिए अखंड भारत का दर्शन के लिए साइकिल से यात्रा करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान भारत के अलावे पाकिस्तान , अफगा. निस्तान , नेपाल , भूटान , म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका सहित अन्य वैसे देशों का भ्रमण करेंगे जो भारत से कटकर अलग हुए । इस यात्रा को पूर्ण करने में 4 साल का पूर्ण समय लगेगा। प्रतिदिन वे 120 से 130 किलोमीटर की यात्रा करते हैं और तत्पश्चात मठ मंदिर या स्वयंसेवक के सहयोग से रात्रि विश्राम करते हैं । उनका स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से बरही विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर पूर्व क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू , दिलीप कुमार केसरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, राजेंद्र केशरी, कृष्णा प्रसाद केसरी ,आर पी शर्मा,सुभाष प्रसाद, अरुण साहू ,अशोक विश्वकर्मा, चंदन कुमार, गो. विंद चंद्रवंशी ,अनंत जी, निर्मल केसरी ,कुंदन कुमार, अंकित चंद्रवंशी आदि लोग मौजूद रहे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## माओवादी बंदी का पहला दिन नहीं दिखा असर

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : भाकपा माओवादियों ने चतरा जिले में मुठभेड़ के दौरान पांच माओवादियों के मारे जाने के विरोध में 20 और 21 अप्रैल को दो दिवसीय झारखंड बंदी की घोषणा की है. माओवादियों ने विज्ञप्ति जारी कर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह रोक लगाने की घोषणा की थी. परंतु माओवादियों के बंदी का पहला दिन तो पूरी तरह से बेअसर रहा. सभी प्रकार के वाहन सामान्य दिनों की तरह चलते रहे. रेलवे का परिचालन भी पूरी तरह सामान्य रहा. सभी स्कूल क०लेज के अलावे व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी खुले रहे.इस सम्बन्ध में स्थानीय लोगों ने कहा कि रोज-रोज यदि व्यापार बंद रहेगा तो लोगों का रोजी रोजगार कैसे चलेगा? पुलिस रही अलर्टरू पुलिस माओवादी बंदी को लेकर पूरी तरह अलर्ट दिखी. लातेहार एसपी अंजनी अंजन के द्वारा हाइवे के अलावे ग्रामीण सड़कों पर भी पुलिस पेट्रोलिंग की व्यापक व्यवस्था की गई थी. सभी थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों को भी अलर्ट रखा गया था. पुलिस के द्वारा की गई व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के कारण लोगों के मन में किसी प्रकार का डर भी नहीं दिखा .

## आजादी के 70 वर्षों बाद भी बनी है पानी की समस्या

### गाँव से दूर जाकर नदी में चुवां मारकर भरते हैं पानी

**अपेम लाइव : बिरनी**



नदी में चुवां मारकर बर्तनों में पानी भरते महिलाएं

बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत खेदवारा पंचायत के जोवड़िया आदिवासी गाँव में 70 वर्षों बाद भी बनी है पानी की समस्या । गाँव से दूर जाकर नदी में चुवां मारकर भरते हैं पानी । गर्मी व बरसात में भी भारी समस्याओं का करना पड़ता है सामना । दिनभर में 3-4 बार डेक्चा, व अन्य बर्तनों से माथे पर लेकर जाते हैं पानी । बता दें अपने पड़ताल में बुधवार को जुवड़िया गाँव का अवलोकन किया गया जिसमें पानी को लेकर अनेकों समस्या पाई गई जिसमें देखा गया कि गाँव की सभी महिलाएँ बर्तन लेकर घर से दूर जाती है और नदी में पहले चुवां मरती है फिर एक-एक करके सभी अपने-अपने बर्तनों को भर्ती है । उन्होंने कहा प्रतिदिन यह काम करते हैं तथा रात में यदि घर मे पानी खत्म हो गया तो बिना पानी के ही रात गुजारना पड़ता है तथा बरसात में तो नदी का गन्दा पानी ही पीते हैं । बरसात के दिनों में तो कई बार बिना पानी के भी रहना पड़ता है । ग्रामीण सन्नी देवी ने बताया कि पूरे गाँव मे 1 ही कुँआ है जो दूर भी है और सभी लोग उससे पानी भी नही ले पाते हैं । उन्होंने कहा पिछले वर्ष भी लोग आए समस्या को सुनें फोटो खिंचवाये और चले गए न कहीं चापानल लगा न ही समस्या का समाधान । लालमणि देवी ने कहा चुनाव के समय विधायक,मुखिया,पंचायत समिति,जिला परिषद वोट लेने के लिए आते हैं बड़े-बड़े वादे करते हैं और गद्दी में बैठने के बाद यहाँ की समस्याओं को भूल जाते हैं । रूपा देवी ने कहा जब चुनाव आता है तभी हम आदिवासियों की याद आती है बाद में कोई पूछने तक नही आता है । बिरनी की अंतिम सीमा है जोवड़िया गाँव जो अब संसाधन विहीन है न ही चार पहिया वाहन जाने की साधन है । महालाल टुडू ने कहा जनप्रतिनिधि हो या अफसर सभी लोग अपने पेट सिर्फ दिखावा करते हैं कि हम जनता के सेवक हैं

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी गई कृमि की दवा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : चेपाकला पंचायत के आंगनबाड़ी आराहरा में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने सभी बच्चों को अपने हाथो से कृमि का दवा एल्बेंडाजोल खिलाया। झारखंड सरकार एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत बच्चों को अच्छी स्वस्थ के लिए कृमि नष्ट करने का दवा उपलब्ध किया गया है। कृष्णा राम ने कहा कि गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और आप सरकार के विभिन्न योजनाएं का लाभ ले। साथ ही, सावित्री फूले किशोरी समृद्धि योजनाएं एवं कन्यादान से संबंधित जानकारी दिया गया। आंग. नबाड़ी निरीक्षण के दौरान बच्चों की संख्या व भोजन, साफ-सफाई सही पाया गया। एएनएम उषा कुमारी के द्वारा शिशु को पेंटा, रोटा और पोलियो का प्रथम डोज, द्वितीय दोज एवं गर्भवती महिलाओं को डीटी का टीकाकरण दिया गया। मौके पर पंसस कृष्ण राम, वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, नर्स उषा कुमारी, सेविका लीला कुमारी, सहायिका मुनिया देवी, सहिया दीदी रेणु देवी, रिंकू कुमारी, लक्ष्मी देवी, कुंती देवी, संगीता देवी, गीता देवी, पूनम देवी, पूजा कुमारी, सरिता देवी, सलमतिया देवी के अलावा दर्जनों बच्चे उपस्थित थे।

## रानीचुवा : तुरीटोला में जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घटान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के तुरीटोला में जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं स्थानीय मुखिया मूर्ति देवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं मुखिया मूर्ति देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। विदित हो की इस गांव के लोग ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण पिछले कई महीना से ग्रामीण अंधेरा में रहने को मजबूर थे। वहीं इस बात की सूचना ग्रामीणों ने जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव को दी। सूचना मिलते ही किशुन यादव ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया जिससे ग्रामीणों के चेहरा खिल उठा। तत्पश्चात पंचायत भवन में जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। जहां ग्रामीणों ने अपनी - अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, वहीं ग्रामीणों की समस्या सुन उन्होंने निराकरण करने का आश्वासन दिया। मौके पर जागेश्वर तुरी, अर्जुन यादव, बासुदेव तुरी, सिकंदर तुरी, लालधारी तुरी, मुकेश तुरी, सोबरन बास्के, राजकुमार बास्के, सुरेंद्र बासके, अनिल तुरी, छोटी तुरी, विजय तुरी, पचू तुरी, बंधन तुरी, बालेश्वर तुरी, सुगन तुरी, रामचंद्र तुरी, राहुल हांसदा, रघु तुरी, आशीष तुरी, लालधारी बासके एवं दिनेश तुरी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।






## श्रवन प्रसाद गुप्ता का अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष श्रवन प्रसाद गुप्ता का अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर लातेहार जिले के तमाम रौनियार परिवार के लोगों ने बधाई दिया है ।ज्ञात हो कि श्रवन प्रसाद गुप्ता लातेहार जिले के मनिका प्रखंड के मतलौंग ग्राम के मूल निवासी हैं वह पूरे भारत के रौनियार समाज के उत्थान में अपना योगदान देंगे और सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुवे सामाजिक विकास पर जोर देंगे। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता ,जिला महासचिव अनूप कुमार गुप्ता,जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता, रविंद्र प्रसाद ,अर्जुन प्रसाद , विष्णु प्रसाद,कपिल प्रसाद,दिलीप प्रसाद,बलराम प्रसाद, सतनारायण प्रसाद, नवीन कुमार गुप्ता, मुरली प्रसाद ,चंदन गुप्ता, मुरली प्रसाद मेन रोड, संजय प्रसाद गुप्ता, चंदन प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद ,शैलेंद्र मंटू, रोशन गुप्ता ,सत्येंद्र प्रसाद , मिथिलेश प्रसाद, संतोष प्रसाद ,सतीश प्रसाद, अनिल प्रसाद, जगदीश प्रसाद ,पवन महाजन, विजय गुप्ता नरेश प्रसाद गुप्ता चंद्रकांत गुप्ता मनोज प्रसाद शंभू गुप्ता रामू साहू, हरी प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद ओम नाथ गुप्ता उमेश प्रसाद गुप्ता केदार प्रकाश गुप्ता सुभाष गुप्ता जितेंद्र प्रसाद गुप्ता चंदन कुमार जगदीश प्रसाद विकास गुप्ता विजय प्रसाद गुप्ता जितेंद्र प्रसाद गुप्ता राजेश प्रसाद गुप्ता विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता दुर्गा प्रसाद गुप्ता सुरेश प्रसाद गुप्ता शंभू प्रसाद गुप्ता आमोद प्रसाद गुप्ता जगन प्रसाद गुप्ता सुमन प्रसाद गुप्ता सुदामा प्रसाद गुप्ता विजय प्रसाद गुप्ता राजेंद्र प्रसाद महेंद्र प्रसाद अमरेश प्रसाद किशोर प्रसाद गया प्रसाद रमेश कुमार गुप्ता , लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता आदि लोग शामिल हैं।

## नही रहे समाजसेवी मदन लाल





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड के प्रसिद्ध समाजसेवी व भाजपा नेता 85 वर्षीय मदन लाल का निधन हो गया है ज्ञात हो वे कुछ महीनों से बीमार थे स्व मदन लाल पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद के खाश सहयोगी थे वे अपने समय के जुझारू नेता थे काफी मृदुभाषी व सामाजिक कार्यो से उनका खाश जुड़ाव था वे अपने पीछे दो पुत्रों व तीन पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़कर गए मामले की जानकारी के बाद पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अंतिम दर्शन कर कहा की इनकी मृत्यु समाज के लिए अपूरणीय क्षति है वही बड़ी संख्या में उनके चाहने वालो की भीड़ उमड़ पड़ी उनका अंतिम संस्कार बेलवा नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेता व कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं की भीड़ थी । मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक के द्वारा भाजपा का झंडा उनके शव पर सम्मान पूर्वक प्रदान किया गया यह देखकर बरबस लोगो की आंखे भर आई उनके अंतिम दर्शन के लिए पूर्व मुखिया बसन्त साव, दर्शन सोनी, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, दुर्गानन्द झा, दिलीप दास सुनील कुमार, संजय गुप्ता, रूपलाल यादव, अशोक गुप्ता, राहुल गुप्ता फलजीत मंडल, काली चरण मंडल, इन्द्रदेव प्रसाद शामिल हुए

## डिवाइन स्कूल में कृमि मुक्ति दिवस पर छात्रों को एल्बेंडाजाल दवा खिलाई गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता अभियान के साथ दवा खिलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक छह माह के दौरान हर बच्चे को एल्बेंडाजोल की दवा सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट में हानिकारक कीड़े आदि होने के कारण जो ऊर्जा खानपान से मिलनी चाहिए, वह उसे पूरी तरह से नहीं मिल पाती है। पेट में मौजूद कीड़े आवश्यक पोषक तत्व को चूस लेते हैं जिससे बच्चों का पूर्ण शारीरिक विकास नहीं हो पाता। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखते हुए आज विद्यालय के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा दी गई। उन्होंने ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने शिक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं और निभाते भी हैं ।शिक्षक संजय कुमार यादव ने कहा कि प्रदूषित मृदा, बिना धूले फल व सब्जियां, संक्रमित पानी से पेट में कृमि जाते हैं। इससे कुपोषण,खून की कमी, उल्टी दस्त, आदि समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं ।इस लिए खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। इस मौके पर प्रीति प्रभा ,संगीता यादव, सुरेन्द्र कुमार ,पुनित कुमार अनिल उपाध्याय ,राजीव मोदी ,शबनम खातुन ,सुलेखा मोदी ,राधा कुमारी ,पुनम कुमारी ,दीक्षा शर्मा, राना तेजस्वी, रामन. न्दन कुमार,सी वेलू, अविशेष कौशल, विमल किशोर कुलदीप पासवान उपस्थित थे ।

## बरही : राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कस्तूरबा के छात्रों को खिलाई गई अल्बेंडाजोल टैबलेट्स

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के बरसोत में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। जहां विद्यालय की वार्डेन नेहा सिंह ने विद्यालय के 270 छात्रों को अल्बेंडाजोल टैबलेट्स खिलाकर कृमि संक्रमण से मुक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक करने व बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने की प्रक्रिया का पालन करने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कृमि संक्रमण से बच्चों के शरीर वा दिमाग का पूर्ण विकास नहीं हो पाता है, कुपोषण वा खून की कमी होती है वा हमेशा थकावट रहती है। जिससे बचने के लिए एक साल से उन्नीस साल तक के किशोर को अल्बेंडाजोल टैबलेट्स खिलाई जा रही है। जिसका कोई साइड इफेक्ट्स नही हैं। इस दौरान बच्चे भी अल्बेंडाजोल टैबलेट्स खाने के लिए काफी उत्सुक दिखे। मौके पर वार्डेन नेहा सिन्हा, सुषमा टोप्पो, अविनाश गौतम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, पिंकी कुमारी, संयुक्ता सिन्हा एवं पूनम कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थी।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## युवा, ऊर्जावान व कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता बने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

### ओबीसी वर्ग की महत्ता, उसके हक व अधिकार के लिए हमेशा लड़ा हूं और लड़ता रहूंगा : दीपक गुप्ता





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विधानसभा के सिंघरावां क्षेत्र निवासी युवा, ऊर्जावान समाजसेवी और कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता को राष्ट्रीय कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने हजारीबाग जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। दीपक गुप्ता पहले ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला सचिव के रूप में पिछले कुछ वर्षो से कांग्रेस पार्टी में लगातार सक्रिय रहे। ओबीसी प्रकोष्ठ समेत कांग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों में हमेशा आगे बढ़कर जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। दीपक गुप्ता ने अपनी मनोनयन पर खुशी व संतोष जाहिर करते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव और प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू का दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में निष्ठावान और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को बिना किसी भेदभाव के हमेशा प्रोत्साहित और पदोन्नत किया जाता है। मैं एक छोटे से ग्रामीण क्षेत्र से आता हूं, युवा हूं। फिर भी मेरी निष्ठा को सम्मान मिला। कांग्रेस पार्टी ने मुझपर भरोसा करके इतनी बड़ी व अहम जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो भरोसा मुझपर जताया है, उसे मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। मैं ओबीसी वर्ग की महत्ता, उसके हक व अधिकार के लिए हमेशा लड़ा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा। संगठन से सभी तबके से नए लोगों को जोड़ने और संगठन का विस्तार जिला भर में पंचायत स्तर तक करना मेरी प्राथमिकता होगी। नव मनोनीत ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता को जिला कांग्रेस समेत सभी प्रकोष्ठों, मंच-मोर्चो के ने. ताओं ने बधाई दी है। इनमें विशेष तौर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, प्रदेश क०र्डिनेटर सुरजीत नागवाला, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, महिला अध्यक्ष बेबी देवी, युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष तसलीम अंसारी, एससी एसटी अध्यक्ष मुकेश पासवान, सेवा दल जिला अध्यक्ष विश्वास पासवान, विस अध्यक्ष उदय केसरी, छठू गोप, विजय यादव, डॉ आरसी प्रसाद मेहता, उद्योग प्रकोष्ठ बबलू कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक देव, चंद्र शेखर मिश्रा, यमुना यादव, बीसी मिश्रा, साजिद अली खान, प्रदेश सचिव बिनोद कुशवाहा, अवधेश सिंह, शशि मोहन सिंह, बिरेंद्र सिंह, परवेज आलम, गुड्डू सिंह, रीतलाल मंडल, डॉ प्रकाश, अजय गुप्ता, संजय तिवारी, विस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, संतोष रजक, विकास गुप्ता, असगरी अंजुम, गुड्डु सिंह, कुमारी बखला, मनिषा टोप्पो, मनोज नारायण भगत, मिथलेश दुबे, ओम प्रकाश गोप, राजेश गुप्ता, राम कुमार साव, रंजित यादव, अब्दुल मनान वारसी, विकास यादव, सुनील कुमार साहू, सुनील चंद्रवंशी, राम सुन्दर प्रजापति, यमुना यादव समेत कई वरिष्ठ कांग्रेसियों ने बधाई दी है

## अंतर जिला अंडर 16 के पांचवें मैच में गढ़वा ने गुमला को हराया

### गढ़वा के अंकित राज बने मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : अंतर जिला अंडर 16 के चल रहे टूर्नामेंट के पांचवें मैच में गढ़वा ने गुमला को 2 विकेट से पराजित किया । जहां गुमला ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 वे ओवर में अपने सभी विकेट खोकर महज 137 रन ही बना पाई । जिसमे राहुल कुमार 45, एकलव्य उरांव 25 तथा आयुष राज ने 23 रन का योगदान दिया । गढ़वा की ओर से अंकित राज ने शानदार बॉलिंग करते हुए 9.4 ओवर में 8 रन देकर 4 , मानशदीप तिवारी 9 ओवर में 39 रन देकर 3 तथा अभिषेक दुबे ने 5 ओवर में 37 रन देकर 2 विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी गढ़वा ने27वे ओवर में 8 विकेट खोकर 138 बनाकर मैच को जीत लिया । गढ़वा की ओर से प्रकाश यादव नाबाद 28 तथा अभिषेक कुमार नाबाद 23 रन का योगदान दिया । गुमला की ओर से राहुल कुमार प्रसाद 10 ओवर में 28 रन देकर 3 तथा आशीष कुमार 2 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट चटकाए । मैन ऑफ द मैच गढ़वा के अंकित राज को संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कार दिया गया । मैच पर्यवेक्षक सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे । जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे । मौके पर संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ,सचिव अमलेश कुमार सिंह , संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, कमिटी सदस्य नीरज कुमार सिंह , लाल आशीष नाथ सहदेव , दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार , अश्विनी सिंह , श्रवण महली समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे ।

## बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल में बूथ सशक्तिकरण समीक्षा बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : भाजपा बड़कागांव पश्चिमी मंडल में गुरुवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रोफेसर संजय सिंह ने मंडल प्रवास के दौरान बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा बैठक किया । उन्होंने कहा कि बूथ गठन के साथ पन्ना प्रमुख समेत सांगठनिक कार्य को संपादित करने हेतु प्रदेश द्वारा प्रेषित फार्म को निर्धारित क०लम में नाम, मोबाइल, पिता / पति का नाम, मतदाता क्रम संख्या और मुहल्ला का नाम साफ सुंदर शब्दों में लिखने के लिए विशेष जोर दिया गया। कुछ बूथ समिति में अशुद्ध भरा हुआ है उसे सुधार करने की आवश्यकता है। श्री सिंह के साथ विजय जायसवाल एवं वसुध तिवारी उपस्थित रहें। बड़कागांव पश्चिमी मंडल में कुल 67 बूथ है। जिसमें लगभग सभी बूथों में अध्यक्ष, सचिव एवम् पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य चल रहा है। मौके पर प्रदेश से आए अतिथियों को मंडल महामंत्री के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री नार्शिग प्रसाद, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य उदय मेहता, बूथ अध्यक्ष नीरज मालाकार एवम् बूथ अध्यक्ष संदीप सिंह एवम् भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

